तापमान
अधिकतम 43 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 26 अप्रैल 2026

12 ग्राम मासूलखोई में जेजेएम फेल, पेयजल के लिए भटक रहे ग्रामीण



13 दायरा बैंड के सुरों में झूम उठा धमतरी





बच्चों में हर्निया
हर्निया ऑपरेशन से ठीक होने वाली बीमारी है, दवाईयाँ केवल समय और पैसे की बर्बादी है, जागरूक रहें, बच्चों के सर्जरी विशेषज्ञ से एक्सपर्ट ओपिनियन लें, सही समय पर सही इलाज कराएं।
आयुष्मान योजना में निःशुल्क ऑपरेशन सुविधा*
एसएमसी हॉस्पिटल
रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, अर्जुनी, धमतरी
मो. 7725046397
आज ही सम्पर्क करें
डॉ प्रदीप साहू (शिशु शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ)
MBBS, MS, MCH (PGIMER, CHANDIGARH)
15 वर्षों का विशाल अनुभव, हज़ारों बच्चों की सफल सर्जरी
प्रदीप हॉस्पिटल
बाईपास रोड, कुरुद, जिला- धमतरी
मो. 7725001343

श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल
बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध
24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज
बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### ध्रुवंशी समाज की बैठक आज

**सिर्री।** ग्राम तेंदूकोना जिला महासमुंद में धुरी (ध्रुवंशी) समाज की महासभा 26 अप्रैल को सुबह 11 बजे से रखी गई है जिसमें विभिन्न सामाजिक मुद्दों को लेकर विशेष चर्चा की जाएगी। यह जानकारी नंदूराम ध्रुवंशी ने दी।

### नारी शक्ति आक्रोश सभा 27 को

**धमतरी।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को इंडी गठबंधन द्वारा लोकसभा में गिराए जाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिलास्तरीय नारी शक्ति आक्रोश सभा का आयोजन किया जा रहा है। महिला मोर्चा की जिलामंत्री प्रियंका सिन्हा ने बताया कि नारी शक्ति आक्रोश सभा 27 अप्रैल को दोपहर 3 बजे जिला भाजपा कार्यालय धमतरी में होगी। इस घटनाक्रम से विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा उजागर हुआ है, जिससे प्रदेश की मातृशक्ति एवं समाज में व्यापक आक्रोश व्याप्त है। भाजपा ने सभी मातृशक्ति, महिला मोर्चा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं आम नागरिकों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### क्रिकेट समर कैंप का स्थान बदला

**धमतरी।** जिले में आयोजित होने वाले क्रिकेट समर कैंप-2026 के स्थान में बदलाव किया गया है। कैंप का आयोजन अब आमातालाब इंडोर स्टेडियम के बजाय स्काई टर्फ मैत्री विहार कॉलोनी जालमपुर में किया जाएगा। यह समर कैंप 1 मई से 15 जून तक आयोजित होगा, जिसमें प्रतिदिन शाम 4:30 बजे से 6:30 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कैंप का प्रशिक्षण शुल्क प्रति खिलाड़ी 3500 रुपये निर्धारित है। आयोजकों ने बताया कि इस बार केवल 30 विद्यार्थियों का ही चयन किया जाएगा। प्रत्येक प्रतिभागी को पर्सनल कोचिंग यानी व्यक्तिगत प्रशिक्षण की सुविधा दी जाएगी, जिससे उनके खेल कौशल में प्रभावी सुधार हो सके।

कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने की कार्यक्रम की सराहना, आरू साहू के सुर ने बांधा समां

# खेल, संस्कृति, इनोवेशन, तकनीक स्टार्टअप का संगम रहा युवा फेस्ट





हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

युवा फेस्ट को काफी अच्छा रिस्पांस मिला। दूसरे दिन कई रंगारंग कार्यक्रम के साथ इस महोत्सव का समापन हुआ। इससे पहले शुक्रवार की रात छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक संध्या की धूम रही, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से समां बांधा। धमतरी की उभरती लोककला गायिका आरू साहू ने करमा, सुवा, ददरिया और पंडवानी जैसे पारंपरिक लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में दो दिवसीय युवा फेस्ट-2026 का शनिवार को समापन हुआ। इस महोत्सव के दूसरे दिन उत्साह, रचनात्मकता और युवा ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को ⏩ शेष पेज 13 पर

### ऊर्जा से भरपूर रहा दूसरा दिन

महोत्सव का दूसरा दिन आकर्षक एवं ऊर्जा से भरपूर रहा, जिसके चलते महाविद्यालय परिसर सांस्कृतिक गतिविधियों, नवाचारों और युवा प्रतिभाओं से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों, संस्थाओं और विभागों द्वारा युवाओं को एक ही मंच पर ज्ञान, नवाचार और करियर संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई गई। छात्र-छात्राओं ने अपने स्टॉल के माध्यम से रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं। कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान ⏩ शेष पेज 13 पर

### प्रतिभाओं को मिली पहचान : अजय

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर ने कहा कि युवा फेस्ट जैसे आयोजन युवाओं की प्रतिभा को पहचान दिलाने और उन्हें नई दिशा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। आज का युवा केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि नवाचार, तकनीक और रचनात्मकता के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बना रहा है। ऐसे आयोजन उन्हें आत्मविश्वास प्रदान करता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने कौशल को निरंतर निखारते रहें और राज्य तथा देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### खो-खो में धमतरी, गोला फेंक में नगरी अव्वल

महोत्सव के दौरान खेलकूद की धूम रही। खो-खो बालक में प्रथम स्थान पीजी कालेज धमतरी, द्वितीय पालीटेक्निक कालेज धमतरी रहा। खो-खो बालिका में शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी, कृषि महाविद्यालय कुरूद क्रमशः प्रथम, द्वितीय रहे। 100 मीटर दौड़ बालक में पीजी कॉलेज कुरूद का भेषकुमार प्रथम और यहीं का शुभम द्वितीय रहा। तीसरा स्थान आईटीआई मेघा के खेमराज को मिला। 100 मीटर दौड़ बालिका में कृषि महाविद्यालय कुरूद की गौरी नेताम प्रथम, शासकीय महाविद्यालय नगरी की लीना कश्यप द्वितीय और नवीन महाविद्यालय ⏩ शेष पेज 13 पर

# बर्तन गोदाम में लगी भीषण आग दो किमी तक दिखा काला धुंआ

- एल्युमीनियम के बर्तन व प्लास्टिक का सामान जलकर खाक
- रत्नाबांधा रोड कॉलेज मोड़ की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी



एल्युमीनियम के बर्तन व प्लास्टिक के सामानों से भरे बर्तन गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने से निकल रहे गहरे काले धुएं को दो किमी तक देखा गया। दमकल की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

रत्नाबांधा रोड के पीजी कॉलेज मोड़ के पास लक्ष्मी एल्युमीनियम का बर्तन गोदम है जहां एल्युमीनियम के बर्तन व मिक्सी, ड्रम सहित प्लास्टिक का सामान रखा गया था। शनिवार की सुबह 9.30 बजे के लगभग गोदाम से धुआं निकलते देखा गया। देखते ही देखते गोदाम से आग की लपटें निकलने लगीं। गोदाम में आग देख आसपास अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने गोदाम के संचालक प्रकाश कुकरेजा को घटना की सूचना दी। संचालक तत्काल गोदाम पहुंचा, जहां भयानक आग लगी थी। फायर ब्रिगेड को तत्काल सूचना दी गई। दमकल की तीन गाड़ियां फायर फाइटर के साथ मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने तत्काल आग पर काबू पाने का प्रयास शुरु कर दिया। गोदाम में प्लास्टिक का सामान ज्यादा होने के कारण आग ने विकराल रुप धारण कर लिय। आग की लपटें ऊंची उठ रही थीं। वहीं गोदाम में लगी आग से निकल रहा गहरा काला धुआं आसपास सहित आसमान में ऊंचाई तक फैल गया जिसे दो किमी की दूरी से भी देखा गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी दलबल के साथ मौके पर पहुंच गई। इस घटना से रत्नाबांधा मार्ग में यातायात बाधित हो गया। वहीं घंटों तक दमकल की टीम आग बुझाने में जुटी रही। आग की भीषणता इतनी अधिक थी कि धमतरी के तीन दमकल वाहनों के अतिरिक्त कुरुद से भी गाड़ियां बुलानी पड़ गई। गोदाम के भीतर भयानक आग व धुएं के कारण कोई भी भीतर नहीं घुस पा रहा था। भीतर जाने के लिए जेसीबी मशीन बुलाकर गोदाम के हिस्से की दीवार को तोड़ा गया। तब कहीं जाकर फायर फाइटर आग बुझाने भीतर घुसे और पुलिंग प्रोसेस शुरु की। बड़ी मश्क्कत के बाद दमकलकर्मी दोपहर 3 बजे तक आग पर काबू पाने में सफल हुए तब तक गोदाम में रखा गया अधिकतर सामान जलकर खाक हो गया था। इस घटना में गोदाम संचालक को लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### बांस पेड़ की चिंगारी गोदाम तक पहुंचने की आशंका

लक्ष्मी एल्युमीनियम गोदाम के संचालक प्रकाश कुकरेजा ने मीडिया को बताया कि सुबह 9.30 बजे सूचना मिलने पर गोदाम पहुंचा तब तक आग फैल चुकी थी। पड़ोसियों ने बताया कि पीछे स्थित बांस के पेड़ में आग लगी थी जिसकी चिंगारी गोदाम तक पहुंच गई। इसी से गोदाम में आग लगने की आशंका है। प्लास्टिक का सामान ज्यादा होने की वजह से ज्यादा धुआं हो गया। गोदाम में शादी में देने वाले सामान, मिक्सर व अन्य प्लास्टिक के ड्रम सहित अन्य सामान रखा हुआ था। इस घटना में लाखों का नुकसान हुआ है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरूद

- घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार



जिले के भखारा थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार हादसा सेमरा मोड़ के पास हुआ। मृतक की पहचान सिर्वे निवासी बंदेराम के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि बंदेराम भखारा से अपने गांव सिर्वे की ओर बाइक से लौट रहा था। इसी दौरान सेमरा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही भखारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार अज्ञात वाहन की पहचान करने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। साथ ही प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ भी की जा रही है, ताकि फरार वाहन चालक तक जल्द पहुंचा जा सके। इस हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग के खतरे को उजागर कर दिया है। पुलिस ने लोगों से सड़क पर सावधानी बरतने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

### आज निकलेगी बटुकों की बारात

**धमतरी।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा नगर में आयोजित भागवत कथा के अंतिम दिन 26 अप्रैल को 16 संस्कारों में सबसे प्रमुख उपनयन संस्कार का प्रदेश स्तरीय सामूहिक आयोजन स्थानीय राम मंदिर के सामने स्थित महाराणा प्रताप भवन में किया गया है। आयोजन समिति के विक्रांत शर्मा, बरखा शर्मा व पीयूष पांडेय ने बताया कि इस वर्ष समाज द्वारा अपने आराध्य विप्र शिरोमणि भागवन परशुराम का जन्मोत्सव 8 दिवसीय जन्म महोत्सव पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। 18 अप्रैल से प्रारंभ उत्सव 26 अप्रैल को भव्य पोथी यात्रा व विशाल बटुक बारात के साथ संपन्न होगी। प्रदेश भर से 45 बटुकों का उपनयन संस्कार हेतु पंजीयन हो चुका है। संध्या 6 बजे भागवत पोथी यात्रा व बटुक बारात निकाली जाएगी। प्रदेश स्तरीय उपनयन संस्कार में राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में विप्रजन शामिल होंगे।

गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय :
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)
Resume करें - 9977374898

वैध खदानों का टोटा, ग्राम समितियां संचालित कर रही हैं अवैध खदानें

# रेत की चोरी बनी सप्लायरों की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

शहर के समीप कोलियारी, अछोटा में अवैध रेत खदान के संचालन पर माइनिंग विभाग सख्त हो गया है। अवैध परिवहन में लगे ट्रैक्टरों पर विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। वहीं रेत घाटों के रास्तों को जेसीबी से खोदकर रास्ता ब्लॉक किया गया है। माइनिंग ने तीन दिन में अवैध रेत परिवहन में लगे 10 ट्रैक्टरों पर कार्रवाई की है।

जिले में रेत का अवैध कारोबार खूब फलफूल रहा है। शहर सहित आसपास के गांवों में रेत की सप्लाई ट्रैक्टरों से होती है। इसकी वजह सस्ते में रेत का उपलब्ध होना है। रेत सप्लायर बताते हैं कि समीप के गांव कोलियारी, अछोटा, अमेठी आदि में रेत का अवैध धंधा सालों से चल रहा है। गांव की समिति 40 से 50 हजार रूपये ⏩ शेष पेज 13 पर



### तीन दिन तक लगातार कार्रवाई, 10 ट्रैक्टर जब्त


खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रेत के अवैध कारोबार के खिलाफ माइनिंग की कार्रवाई लगातार जारी है। पिछले तीन दिन में रेत का अवैध परिवहन कर रहे 10 ट्रैक्टरों को पकड़ा गया है जिसे कम्पोजिट बिल्डिंग के पास माइनिंग की अभिरक्षा में रखा गया है। रेत के अवैध कारोबार के खिलाफ खनिज विभाग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### रोजाना लाखों की राजस्व क्षति

शहर तथा आसपास के गांवों को रेत की सप्लाई देने वाले 200 से अधिक ट्रैक्टर हैं जिससे रोजाना 1000 के करीब रेत ट्राली की सप्लाई होती है। इससे ट्रैक्टर मालिक, ड्राइवर तथा मजदूर समेत लगभग 1000 लोगों को रोजगार मिलता है। लगातार कार्रवाई से ट्रैक्टर यूनियन भी आंदोलन की राह पकड़ लेती है जिससे माइनिंग दबाव पड़ने से कार्रवाई करने में हाथ खींच लेते हैं। ट्रैक्टर यूनियन के पदधिकारियों का कहना है कि रायल्टी लेकर रेत का वैध कारोबार करना चाहते हैं। इसके लिए माइनिंग विभाग को कई बार समीपस्थ खदानों को ट्रैक्टरों के लिए वैध रूप से संचालन की मांग कर चुके हैं। खदानों के वैध संचालन से खनिज विभाग को लाखों का राजस्व मिलता, वहीं बार-बार ट्रैक्टरों पर कार्रवाई से उन्हें मुक्ति मिल जाती लेकिन प्रशासन इस दिशा में कोई पहल नहीं करता है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप



### आदि गुरु शंकराचार्य का प्राकट्य उत्सव समारोह आज

**जीजामगांव।** छग सनातन दशनाम गोस्वामी समाज रायपुर द्वारा प्रांतीय स्तर पर इस वर्ष भी आदि गुरु शंकराचार्य का प्राकट्य उत्सव समारोह रविवार 26 अप्रैल को शहीद स्मारक भवन रायपुर में आयोजित किया जाएगा। मोहनगिरी गोस्वामी प्रांत अध्यक्ष, विरेंद्रपुरी गोस्वामी पूर्व प्रांत अध्यक्ष, सुधीर बन गोस्वामी प्रदेश कोषाध्यक्ष, योगेंद्र पुरी गोस्वामी, नीलम बन गोस्वामी धमतरी, विजयपुरी धमतरी ने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है। नीलमबन गोस्वामी ने बताया कि इस कार्यक्रम में जिले से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे।

### सरसों एवं चना पंजीयन की तिथि बढ़ी

**पुरी।** एनसीएफ के माध्यम से दलहन तिलहन चना, सरसों की खरीदी समर्थन मूल्य पर जिले सहित प्रदेश की सहकारी समितियों में सफलतापूर्वक की जा रही है। शासन ने सरसों बिक्री के लिए पंजीयन 30 अप्रैल एवं चना बिक्री हेतु पंजीयन की तिथि 15 मई तक बढ़ा दी है। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू छाती ने दी।

### डॉ. भूपेंद्र सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

**जीजामगांव।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़



वेटरनरी असिस्टेंट सर्जन एसोसिएशन रायपुर द्वारा आयोजित एक समारोह में डॉ. भूपेंद्र कुमार सिन्हा को सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम अंबिकापुर स्थित राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय में हुआ। यह सम्मान डॉ. सिन्हा को पशुपालन विभाग छग में उनके उत्कृष्ट कार्य, विभागीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन, पशुओं में शल्य चिकित्सा, समर्पण एवं निरंतर श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ. सिन्हा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान न केवल विभाग बल्कि पूरे राज्य के पशुपालन क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। डॉ भूपेंद्र सिन्हा वर्तमान में विकासखंड कुरुद में अपनी सेवा दे रहे हैं। डॉ सिन्हा सेवानिवृत अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन संतोष कुमार ध्रुव के पुत्र हैं।

# अंक बढ़ाने के नाम पर ठगी : फर्जी कॉल से पालकों से 4000 रुपए की मांग

**बोर्ड कर्मचारी बनकर ठग रहे आरोपी, बच्चों के भविष्य का डर दिखाकर कर रहे गुमराह**

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बोर्ड परीक्षा परिणाम को लेकर क्षेत्र में ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है। नगरी विकासखंड के अंतिम छोर ग्राम ठेन्ही में पालक घनाराम गौर को अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर खुद को रायपुर स्थित बोर्ड कार्यालय का कर्मचारी, ऑपरेटर बताया और उनके बच्चे के अंक बढ़ाने के नाम पर 4000 रुपये की मांग की गई। कॉलर ने धमकी भरे लहजे में कहा कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो बच्चे को फेल कर दिया जाएगा।




**अज्ञात नंबरों और कॉल से सतर्क रहें : बीईओ**

विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने भी पालकों से अपील की है कि वे ऐसे अज्ञात नंबरों और कॉल से सतर्क रहें तथा किसी के बहकावे में आकर पैसे न दें। यदि इस प्रकार का कोई कॉल प्राप्त होता है, तो तुरंत इसकी सूचना नजदीकी थाना या साइबर सेल को दें, ताकि संबंधित ठगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। प्रशासन ने सभी पालकों से जागरूक रहने और दूसरों को भी सतर्क करने की अपील की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ठग पहले बच्चों का रोल नंबर पूछते हैं या किसी माध्यम से हासिल कर लेते हैं। इसके बाद वे पालकों को यह कहकर डराते हैं कि उनके बच्चे को किसी विषय में कम अंक मिले हैं और उसका भविष्य खतरे में पड़ सकता है। इसी डर का फायदा उठाकर वे अंक सुधार (री-एसेसमेंट, री-टोटलिंग) के नाम पर पैसे की मांग करते हैं और जल्दबाजी में ऑनलाइन ट्रांसफर कराने का दबाव बनाते हैं।

इस तरह की घटनाओं से पालकों में चिंता और भ्रम की स्थिति बनी हुई है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि बोर्ड परीक्षा के अंकों में सुधार केवल निर्धारित आधिकारिक प्रक्रिया के तहत ही किया जाता है, जिसमें किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत कॉल या पैसे की मांग शामिल नहीं होती। किसी भी कर्मचारी द्वारा फोन कर पैसे मांगना पूरी तरह अवैध और फर्जी है।

एक साल से अधूरा पड़ा है पाइपलाइन का विस्तार, जल्द पूर्ण करने की मांग

# ग्राम मासूलखोई में जेजेएम फेल पेयजल के लिए भटक रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी विकासखंड के अंतिम छोर स्थित नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम पंचायत करही के आश्रित ग्राम मासूलखोई में जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों में लापरवाही सामने आई है। गांव में सौर ऊर्जा आधारित पानी टंकी का निर्माण लगभग एक वर्ष पूर्व पूर्ण कर लिया गया, लेकिन आज तक पाइपलाइन विस्तार का कार्य अधूरा पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार लगभग 70 घर वाले इस गांव में विभाग द्वारा ठेकेदार को पाइपलाइन बिछाने और घर-घर कनेक्शन देने का कार्य सौंपा गया था। शुरुआत में कुछ काम किया गया, लेकिन बाद में ठेकेदार ने कार्य अधूरा छोड़ दिया। वर्तमान स्थिति यह है कि गांव की गलियों में पाइपलाइन अधूरी बिछी हुई है और कई घरों के सामने कनेक्शन अधूरे छोड़ दिए गए हैं। इस संबंध में संबंधित अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं हो पाया।





**शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं**

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग और ठेकेदार से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। परिणामस्वरूप आज भी लोगों को पीने के पानी के लिए दूर-दराज के स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, वहीं नहाने और अन्य दैनिक कार्यों के लिए तालाब का सहारा लेना पड़ रहा है।

**नहीं मिल रहा योजना का लाभ**

ग्रामीण साधुराम मरकाम, निरंजन मरकाम, गैंदलाल मरकाम, टेकराम, परसराम, आसू लाल, ललिता बाई, चित्ररेखा, अमरीका बाई सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि टंकी बने एक साल से अधिक समय हो गया है, लेकिन उसका लाभ अब तक गांव को नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों द्वारा इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और निरीक्षण के लिए भी कोई नहीं पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द पाइपलाइन विस्तार का कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि गांव के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

# किसानों की जमीनी समस्याओं संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला

- कुरूद मंडी में आयोजित भारतीय किसान संघ की बैठक में विभिन्न पहलुओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

नए कृषि उपज मंडी परिसर कुरूद में भारतीय किसान संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें किसानों की जमीनी समस्याओं, संगठन विस्तार और कृषि के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा की गई।

बैठक में संघ के अखिल भारतीय सदस्य चंद्रकांत गौर, प्रदेश संगठन मंत्री मनीष शर्मा एवं महामंत्री नवीन शेष विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में धमतरी, कुरूद, भखारा और मगरलोड तहसील के अध्यक्ष, मंत्री एवं जिले के पदाधिकारियों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। इस दौरान चंद्रकांत गौर ने किसानों की जमीनी समस्याओं, संगठन की भूमिका, सामाजिक व राष्ट्रीय दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों को संगठन से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और राष्ट्रीय उत्पादन में योगदान बढ़ाने पर जोर दिया। प्रदेश संगठन मंत्री मनीष शर्मा ने संगठन की मजबूती और संरचना पर विशेष ध्यान देने की बात कही। बैठक में जैविक खेती, जहर मुक्त खेती, मिश्रित फसल उत्पादन, सहकारिता, राजस्व और विद्युत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे किसानों ने अपने अनुभव साझा किए।



कार्यक्रम का मार्गदर्शन जिलाध्यक्ष लालाराम चंद्राकर ने किया, जबकि संचालन जिला मंत्री दुलार सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सिंधु बैस, सह मंत्री डॉ. कपिल पटेल, कोषाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, डॉ. दीनानाथ साहू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया गया।

# विकास कार्यों को लेकर सभापति ने उपमुख्यमंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम की सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर शहर के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में चल रहे कार्यों की प्रगति से अवगत कराते हुए आगामी योजनाओं के लिए आवश्यक सहयोग का आग्रह किया।

सभापति ने सड़क, नाली, पेयजल, जल निकासी, स्वच्छता तथा शहर के सौंदर्यीकरण से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रखा। उन्होंने बताया कि तेजी से बढ़ती आबादी के अनुरूप बुनियादी सुविधाओं का विस्तार जरूरी है, जिसके लिए शासन स्तर से सहयोग अपेक्षित है। साथ ही उन्होंने



लंबित परियोजनाओं को शीघ्र स्वीकृति देने की मांग भी रखी। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आश्वासन दिया कि धमतरी नगर निगम के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहरी विकास को लेकर गंभीर है और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# इसरो युविका में चयनित नेहा का जिला साहू संघ ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के युविका-2026 कार्यक्रम में चयन होने पर कुरूद की छात्रा नेहा साहू को जिला साहू संघ द्वारा सम्मानित किया गया। संघ के पदाधिकारियों ने उनके निवास पहुंचकर श्रीफल, शॉल और गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में जिला साहू संघ के अध्यक्ष गणेश साहू, तहसील अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष जागृति साहू, प्रभा साहू, टिकेश साहू, भिखारी साहू और गुलजार साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने नेहा की इस उपलब्धि को समाज और जिले के लिए गर्व का विषय बताया।

गौरतलब है कि युविका (यंग



साइंटिस्ट प्रोग्राम) के तहत धमतरी जिले के दो विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिनमें नेहा साहू भी शामिल हैं। यह कार्यक्रम स्कूली छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान, तकनीक और उसके अनुप्रयोगों की जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। मई माह में चयनित विद्यार्थियों को 15 दिन के लिए इसरो के विभिन्न केंद्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह पूरी तरह निःशुल्क आवासीय कार्यक्रम है, जिसमें वैज्ञानिकों से संवाद, प्रयोगशालाओं का भ्रमण और व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल होता है।

नेहा की इस सफलता ने यह साबित किया है कि छोटे शहरों के छात्र भी अपनी मेहनत और लगन से बड़े मंच तक पहुंच सकते हैं। उनकी उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और अन्य विद्यार्थियों को भी नई प्रेरणा मिली है।

# नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने विश्व मलेरिया दिवस मनाया




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रिलायंस एंड फ्लोरन्स कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग लिमतरा के विद्यार्थियों ने विश्व मलेरिया दिवस पर जिला चिकित्सालय में मलेरिया दिवस की थीम पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें छात्रों ने मलेरिया की रोकथाम, लक्षण और बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इसके अलावा जिला अस्पताल के प्रांगण में रंगोली, पोस्टर और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मलेरिया से बचाव और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को मलेरिया के प्रति जागरूक करना, मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित करना था।

# छाती सोसाइटी में सरसों की खरीदी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी

ग्रामीण सेवा सरकारी समिति छाती में पंजीकृत किसानों से चने की खरीदी की जा रही है। चना प्रति एकड़ 6 क्विंटल खरीदा जा रहा है। चने की खरीदी 5875 रुपये समर्थन मूल्य पर की जा रही है जिसके चलते अभी तक 6773 क्विंटल चना लगभग 4 करोड़ रुपए की खरीदी कर ली गई है। जिला विपणन धमतरी द्वारा सरसों खरीदी के लिए समिति को चार सौ नग बारदाना प्राप्त हुआ है। 24 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर सरसों प्रति एकड़ 5



क्विंटल 6200 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। परिवहन हेतु 823 क्विंटल लगभग आज भी शेष है। किसानों को चना खरीदी की राशि का भुगतान शुरू हो गया है। नरेंद्र कुमार साहू ने किसानों से अपील की है कि खरीफ फसल 2026 हेतु खाद, बीज, दवाई के लिए समय पूर्व ऋण आवेदन समिति में बनवा लें ।

# पंचायतें लोकतंत्र की नींव, इनके सशक्त होने से ही गांवों का समग्र विकास : सुषमा

- पंचायती राज दिवस पर पोडागांव में विशेष ग्रामसभा का हुआ आयोजन
- विकास कार्यों, योजनाओं के क्रियान्वयन एवं पंचायत की भूमिका पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्राम पोड़ागांव में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण को सुदृढ़ करना तथा ग्रामीण स्तर पर जनभागीदारी को बढ़ावा देना रहा।



गौरतलब है कि हर वर्ष 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस मनाया जाता है, जो वर्ष 1993 में 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से देश में पंचायती राजव्यवस्था को संवैधानिक दर्जा मिलने की स्मृति में आयोजित किया जाता है। यह दिन स्थानीय स्वशासन और ग्रामीण विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर होता है।

पोड़ागांव में आयोजित विशेष ग्राम सभा में विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के क्रियान्वयन एवं पंचायत की भूमिका पर चर्चा की गई। सरपंच सुषमा नाग ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पंचायती राज व्यवस्था की महत्ता, अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचायतें लोकतंत्र की नींव हैं और इनके सशक्त होने से ही गांवों का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उन्हें पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

मौके पर भारती बिसेन, त्रिलोक बिसेन, साधना सोम, प्रमिला सूर्याकर, रागिनी यादव, अंजू ध्रुव, मोहनी नेताम, सतरूपा नाग, किरण सूर्याकर, केशन नेताम, संगीता मरकाम, शंकर लाल ध्रुव, सुरेश कुमार मरकाम, छबिलाल नाग, गादरु राम नाग, गिरधर यादव, शुभम नेताम, रामानंदन नाग, हरवंश एवं रूपेश कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। ग्रामीणों ने ग्राम विकास एवं जनकल्याण का संकल्प लिया।

**1 मई से प्रारंभ होगी जनगणना, नगर एवं तहसील क्षेत्र के लिए 6 टीम गठित**

# प्रशिक्षण के बाद प्रगणक, पर्यवेक्षक डेमो जनगणना के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

नगर पालिका परिषद कुरुद में जनगणना 2027 के तहत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को 22 से 24 अप्रैल तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण फील्ड ट्रेनरों द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद सभी प्रगणकों को डेमो जनगणना के लिए रवाना किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, तहसीलदार सूरज बंछोर एवं सीएमओ महेंद्र गुप्ता ने प्रगणकों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।



आगामी 1 मई 2026 से प्रारंभ होने वाली जनगणना से पूर्व नगर एवं तहसील क्षेत्र के लिए 6 टीमों का गठन किया गया है, जिन्हें दो चरणों में प्रशिक्षण दिया गया। पहले चरण में 15 से 17 अप्रैल तक करीब 150 प्रगणकों को प्रशिक्षित किया गया, जबकि दूसरे चरण में 22 से 24 अप्रैल तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लिए लगभग इतने ही कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। नगर के सभी 15 वार्डों में जनगणना कार्य के लिए टीमों का गठन किया गया है। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय जनगणना केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है, जिसके आंकड़ों से देश के विकास की दिशा तय होती है।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, राजस्व विभाग के अधिकारी, निकाय कर्मी एवं प्रगणक उपस्थित थे।

**क्षेत्र में मकान नंबरिंग का कार्य पूर्ण**

तहसीलदार सूरज बंछोर ने बताया कि क्षेत्र में मकान नंबरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन किया जा रहा है। प्रत्येक 800 से 1000 की आबादी पर एक क्षेत्र निर्धारित किया गया है, जहां प्रगणक और पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। सीएमओ महेंद्र गुप्ता ने नागरिकों से अपील की कि वे डिजिटल माध्यम से स्व-गणना पोर्टल का उपयोग कर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। उपाध्यक्ष देवव्रत साहू ने बताया कि इस बार जनगणना में मकान मालिकों को 33 प्रकार के प्रश्नों के उत्तर देने होंगे, जिनमें आवास, सुविधाएं, परिवार और संसाधनों से संबंधित जानकारी शामिल है।

# ग्रामीण विद्यार्थियों की निखर रही प्रतिभा

- सांकरा में 26 अप्रैल तक समर कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम सांकरा में 23 से 26 अप्रैल तक समर कैंप 2026 का आयोजन महानदी एकेडमी नगरी एवं महानदी किड्स के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। सीबीएसई संबद्ध विद्यालय द्वारा की गई इस पहल को ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक अवसर के रूप में देखा जा रहा है।

समर कैंप का शुभारंभ स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने किया। इस अवसर पर सरपंच नागेन्द्र बोरझा, जनपद सदस्य राजेश गोसाई, सोसायटी अध्यक्ष गिरिवर भंडारी, संचालन मंडल के सदस्य मोहन नाहटा, निकेश ठाकुर, अहमद रजा, अजय छाजेड़ एवं शशांक सलाम उपस्थित थे। समर कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को अवकाश अवधि के दौरान गुणवत्तापूर्ण, व्यवहारिक एवं रोचक शिक्षा प्रदान करना है। कैंप में अंग्रेजी संवाद कौशल, शब्द भंडार विकास, गणित एवं विज्ञान से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को सरल, प्रभावी एवं व्यावहारिक पद्धति से प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे उनके आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता और सृजनात्मकता में वृद्धि हो सके। यह कैंप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सार्थक प्रयास साबित हो रहा है।



## खबर संक्षेप

### हाईकोर्ट के आदेश से शिक्षकों में उत्साह



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर ने शिक्षकों को उनकी देय तिथि से पुरानी पेंशन का लाभ देने का रास्ता साफ कर दिया है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने राज्य शासन द्वारा दायर रिट याचिका को खारिज करते हुए पूर्व आदेश को बरकरार रखा है। इस फैसले ने हजारों शिक्षकों की उम्मीदों को संबल दिया है। इससे पहले 17 फरवरी 2026 को हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने भी शिक्षकों के पक्ष में आदेश पारित करते हुए शासन को 120 दिनों के भीतर पुरानी पेंशन का लाभ देने के निर्देश दिए थे। शासन ने इस आदेश को चुनौती देते हुए डिवीजन बेंच में अपील दायर की थी, लेकिन अदालत ने उसे भी निरस्त कर दिया। वर्षों से लंबित इस मुद्दे पर ज्ञापन, आंदोलन और संवाद के माध्यम से शिक्षक संगठन अपनी मांग उठाते रहे। शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी, महासचिव डेसनाथ पांडे एवं सह सचिव चन्द्रभूषण ठाकुर ने कहा कि यह फैसला केवल एक कानूनी जीत नहीं, बल्कि शिक्षक समुदाय के सम्मान और अधिकारों की पुनर्स्थापना है।

### सचिन ने अपने प्रशंसक युग को किताब में दिया ऑटोग्राफ

**गीदम।** क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले भारत रत्न सचिन तेंदुलकर का गीदम आगमन हुआ। छिंदनार में उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ विभिन्न खेलों में हिस्सा लेकर उनका उत्साह बढ़ाया। सचिन की एक झलक पाने के लिए जगदलपुर से दंतेवाड़ा तक फैंस में जबरदस्त उत्साह रहा।



गीदम के व्यवसायी आशुतोष सुराना के सुपुत्र युग सुराना के लिए यह दिन किसी सपने के सच होने जैसा रहा। क्रिकेट को अपना पैशन मानने वाले युग बचपन से ही बेहतरीन गेंदबाज हैं। खबर मिलते ही युग छिंदनार पहुँचे और अपने प्रेरणास्त्रोत सचिन को करीब से देखकर भाव-विभोर हो गए। युग ने किताब में सचिन तेंदुलकर का ऑटोग्राफ लिया और इसे अनमोल धरोहर की तरह संजोकर रखा है। युग का कहना है कि जब भी वे इस ऑटोग्राफ को देखेंगे, सचिन की तरह कठिन परिश्रम और मेहनत से क्रिकेट में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रहेगी।

### सही दवा रहे शुद्ध आहार की थीम पर 15 दिवसीय जांच अभियान कल से

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार जिले में 27 अप्रैल से 11 मई तक सही दवा शुद्ध आहार, यही है छत्तीसगढ़ का आधार थीम पर 15 दिवसीय जांच अभियान संचालित किया जाएगा, जिसके लिए तैयारी पूर्ण हो चुकी है। जनस्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से संचालित किए जा रहे इस अभियान के लिए कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा खाद्य एवं औषधि प्रशासन के साथ राजस्व एवं पुलिस विभाग के अमले को शामिल कर पृथक -पृथक दो खाद्य एवं औषधि प्रकोष्ठ टीम गठित किया जा रहा है। इन दलों के द्वारा 15 दिवसीय जांच अभियान में जिले में सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं मानकयुक्त दवाओं व खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, मिलावट,नकली दवाओं और औषधि बिक्री पर नियंत्रण के साथ -साथ जनसामान्य को सुरक्षित दवा का उपयोग और स्वच्छ पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है ताकि जनस्वास्थ्य की रक्षा और सुधार हो सके। इसके लिए जिले के विभिन्न औषधि प्रतिष्ठानों जैसे थोक एवं खुदरा औषधि विक्रेता, फास्ट मूविंग कास्मेटिक एजेंसी, अस्पतालों से जुड़ी फार्मेसी चेन, वेक्सीन संधारण,स्वानक औषधि भण्डारण एवं विक्रय,कोटपा अधिनियम अंतर्गत चालानी कार्रवाई एवं जागरूकता, संदेहास्पद औषधि एवं प्रसाधन सामग्री का नमूना संग्रहण करनें के साथ -साथ विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों जैसे चाट, गुपचुप सेंटर, गन्ना रस,साफ्ट ड्रिंक्स, आइसक्रीम वेंडर्स,ड्रेसरी प्रोडक्ट, होटल,ढाबा, रेस्टोरेंट,केक आदि विक्रेता प्रतिष्ठानों का सघन जांच एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई की जायेगी।

# राइफल शूटिंग में केन्द्रीय विद्यालय की छात्राओं का दमदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विगत दिनों महासमुंद में आयोजित केन्द्रीय विद्यालय संगठन की संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2026 अंतर्गत राइफल शूटिंग में धमतरी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच केवि धमतरी की बलिकाओं ने अपने खेल कौशल से सभी को प्रभावित किया। शूटिंग के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बना चुके इन खिलाड़ियों ने अपने अद्भुत प्रदर्शन से यह साबित कर दिया कि सफलता किसी की मोहताज नहीं होती, बल्कि मेहनत, आत्मविश्वास और मजबूत इरादों से हासिल की जाती है। बालिकाओं ने न केवल लक्ष्य पर सटीक निशाना साधा, बल्कि यह भी दिखाया कि कठिन परिश्रम और लगन से हर सपना साकार किया जा सकता है। पुलिस विभाग धमतरी में पदस्थ अमित सिंह की पुत्री स्वास्तिका सिंह ने अंडर 19 वर्ग समूह में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षक अनुभव सोनबेर की पुत्री सौम्या रहीं। वहीं अंडर 14 वर्ष में श्रेया देवांगन स्वर्ण पदक, आर्विका वैष्णव रजत पदक तथा वंदिता साहू केवि कुरूद ने कांस्य पदक प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु चयनित हुए। वहीं बालक वर्ग में राज निषाद केवि कुरूद ने अंडर 19 वर्ग में स्वर्ण पदक तथा प्रतीक साहू ने रजत पदक प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु चयनित हुए।

## स्वास्तिका सिंह प्रथम व सौम्या द्वितीय स्थान पर रहीं



अर्विका वैष्णव सौम्या सोनबेर श्रेया देवांगन स्वास्तिका सिंह

### निशाना केवल लक्ष्य पर नहीं, बल्कि अपने सपनों पर साधना चाहिए

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कंसल प्राचार्य केवि महासमुंद ने कहा कि निशाना केवल लक्ष्य पर नहीं, बल्कि अपने सपनों पर साधना चाहिए। हार और जीत दोनों ही सीखने का हिस्सा हैं, लेकिन जो कभी हार नहीं मानते, वही असली विजेता बनते हैं। बालिकाओं की शानदार प्रदर्शन पर उन्होंने कहा कि आज की बेटियां केवल लक्ष्य नहीं साध रहीं, बल्कि अपने सपनों को नई दिशा दे रही हैं। उनका यह आत्मविश्वास आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। ये सभी खिलाड़ी एसके पांडेय के निर्देशन में नियमित कठिन अभ्यास करते हैं। कोच का मानना है कि यदि इन खिलाड़ियों को आधुनिक खेल उपकरण उपलब्ध करा दिया जाये तो ये रूप से भविष्य में शूटिंग खेल के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल कर देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

## जोरातराई में 5 साल से धूल फांक रहा जल जीवन मिशन

# 32 लाख की पानी टंकी या 'कागजी विकास'?





**यशवंत गंजीर/कुरूद।** सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत और कागजी दावों के बीच की खाई कितनी गहरी है, इसका जीता-जागता उदाहरण ग्राम जोरातराई (सिलौटी) में देखने को मिल रहा है। वर्ष 2021 में लगभग 32 लाख रुपये की लागत से निर्मित पानी टंकी आज भी उपयोग के अभाव में शोपीस बनी हुई है। हैरानी की बात यह है कि पीएचई विभाग के रिकॉर्ड में यह परियोजना पूरी तरह सफल बताकर पंचायत को हैंडओवर की जा चुकी है।



## रिकॉर्ड में हैंडओवर, हकीकत में फेल, 20 मिनट भी नहीं टिकता पानी

### नलकूप से सप्लाई फिर टंकी पर लाखों खर्च क्यों ?

गांव में फिलहाल पेयजल संकट नहीं है, क्योंकि ग्रामीण सीधे नलकूप (बोर) से पानी ले रहे हैं। लेकिन सवाल उठता है कि जब व्यवस्था पहले से मौजूद थी, तो 32 लाख रुपये खर्च कर टंकी बनाने की जरूरत क्या थी ? ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार और विभागीय मिलीभगत से सिर्फ बजट खपाने का खेल खेला गया।

### इंजीनियरिंग की खामियां : दिनभर भरती, मिनटों में खाली

ग्रामीणों के अनुसार, टंकी को भरने में पूरा दिन लग जाता है, लेकिन जैसे ही पानी सप्लाई शुरू होती है, महज 20 मिनट में टंकी खाली हो जाती है। पाइपलाइन विस्तार और वाल्व सिस्टम में खामियों के कारण पानी का दबाव और ठहराव नहीं बन पाता। पांच साल बीत जाने के बावजूद न तो बाउंड्रीवॉल बनी है और न ही पर्याप्त क्षमता का बोर खनन कराया गया।

### जांच पर फिर टिकी ग्रामीणों की उम्मीद

पूर्व सरपंच सविता चोवाराम गंजीर सहित ग्रामीणों का कहना है कि वे इस बारे में कई बार विभाग का ध्यानाकर्षण व्यक्तिगत एवं समाचार पत्रों से कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जोरातराई के ग्रामीणों को अब एसडीओ के आश्वासन से उम्मीद जागी है कि शायद पांच साल बाद ही सही, लेकिन इस 32 लाख रुपये की कागजी टंक की सच्चाई सामने आएगी और योजना का लाभ वास्तव में लोगों तक पहुंचेगा।

### रिकॉर्ड में सब ठीक, अब होगी जांच

इस मामले में जब पीएचई विभाग के एसडीओ से बात की गई, तो उन्होंने स्वीकार किया कि विभागीय रिकॉर्ड में परियोजना पूरी तरह सफल और हस्तांतरित दर्ज है। उन्होंने कहा कि हमारे रिकॉर्ड के अनुसार, पानी टंकी की टेस्टिंग पूरी कर इसे पंचायत को हैंडओवर किया जा चुका है। लेकिन यदि वास्तविक स्थिति खराब है और पानी रुक नहीं रहा है, तो यह गंभीर विषय है। तकनीकी कारणों की जांच के लिए तत्काल टीम भेजी जाएगी।

- **राजवीर महोबिया**, एसडीओ, पीएचई (कुरुद)

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को मिली कड़ी सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



■ पुख्ता साक्ष्य व मजबूत पैरवी का परिणाम

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुख्ता साक्ष्य व मजबूत पैरवी के चलते दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सख्त सजा से दण्डित किया है। पुलिस के अनुसार बिरेझर पुलिस चौकी में वर्ष 2025 में धारा 135-2/3-5, 87/3-5, 64-2, ड, 50 व भा.न्याय. सं. 6, 16/17 पाक्सो एक्ट के तहत नाबालिग से दुष्कर्म का गंभीर प्रकरण दर्ज किया गया था। मामले में आरोपी टिकेन्द्र कुमार बांधे पिता सेवाराम ग्राम मुल्ले चौकी बिरेझर थाना कुरूद निवासी के विरूद्ध न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर दोष सिद्ध हुआ। न्यायालय द्वारा आरोपी टिकेन्द्र बांधे 20 वर्ष को सश्रम कारावास एवं 3000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त प्रकरण में चौकी प्रभारी व विवेचना अधिकारी उपनिरीक्षक अजय सिंह एवं बिरेझर पुलित टीम द्वारा गंभीरता, सूक्ष्मता एवं दक्षता के साथ विवेचना की गई। प्रकरण में साक्ष्यों का वैज्ञानिक तरीके से संकलन, गवाहों के बयान एवं अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों को सुदृढ़ रूप से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, परिणामस्वरूप आरोपी को कठोर सजा दिलाने में सफलता प्राप्त हुई।

इस उत्कृष्ट कार्य के लिये पुलिस अधीक्षक द्वारा विवेचनाधिकारी को नकद पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया जायेगा जिससे अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिये प्रेरणा मिलेगी। पुलिस द्वारा महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित अपराधों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाते हुए त्वरित निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई लगातार की जा रही है। ऐसे मामलों में दोषियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी सजा दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है।

### कंडेल में ग्रामीणों को पानी की समस्या से मिली राहत

**धमतरी।** कंडेल के ग्रामवासियों ने पानी की समस्या से जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू को अवगत कराया था जिसे गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सदस्य द्वारा 15 वें वित्त की राशि से पानी टैंकर प्रदान किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम के अतिथि श्रीमती रंजना साहू भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष की अनुपस्थिति में प्रतिनिधि के रूप में डीपेंद्र साहू शामिल हुए।

## युवा फेस्ट-2026 का समापन, युवाओं की प्रतिभा को मिला सशक्त मंच

# दायरा बैंड के सुरों में झूम उठा धमतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी











पीजी कॉलेज परिसर में आयोजित युवा फेस्ट-2026 का समापन पूरे उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिवस का मुख्य आकर्षण दायरा बैंड (जादू बस्तर) की शानदार प्रस्तुति रही, जिसने लोक और आधुनिक संगीत के अनूठे संगम से पूरे परिसर को मंत्रमुग्ध कर दिया। छत्तीसगढ़ी लोकधुनों, जनजातीय लयों और फ्यूजन संगीत पर युवा ही नहीं, बल्कि हर आयु वर्ग के दर्शक झूमते नजर आए।

राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका : टंकराम

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के राजस्व एवं जिला प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देते हैं और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। उन्होंने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए राष्ट्र निर्माण में युवाओं के योगदान पर जोर दिया।

मंत्री श्री वर्मा ने सफल आयोजन के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के प्रयासों की प्रशंसा की। महापौर रामू रोहरा ने भी युवाओं को अपनी प्रतिभा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा सांस्कृतिक, शैक्षणिक, खेल एवं नवाचार से जुड़ी 23 प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पीजी कॉलेज को रनिंग ट्रॉफी प्रदान की गई।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि युवा फेस्ट का उद्देश्य युवाओं को ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। आयोजन के दौरान स्टार्टअप, स्किल डेवलपमेंट, आर्ट एवं क्राफ्ट तथा लोक संस्कृति से जुड़ी प्रदर्शनी और कार्यशालाओं का भी आयोजन किया गया, जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान मिला। समापन अवसर पर दायरा बैंड की ऊर्जावान प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को जीवंत कर दिया। तालियों की गूंज और युवाओं के उत्साह के बीच युवा फेस्ट-2026 का समापन यादगार और प्रेरणादायक रहा, जिसने जिले के युवाओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया।

### वक्ता सौरभ द्विवेदी का संबोधन कार्यक्रम 26 को

यूथ फेस्ट कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होने वाले वरिष्ठ पत्रकार सौरभ द्विवेदी के कार्यक्रम समय में आंशिक संशोधन किया गया है। अब उनका संबोधन 26 अप्रैल को शाम 6 बजे पीजी कॉलेज परिसर में होगा। गौरतलब है कि सौरभ द्विवेदी देश के चर्चित पत्रकारों में शामिल हैं। वे समसामयिक विषयों पर सरल और प्रभावशाली शैली में अपनी बात रखने के लिए जाने जाते हैं। खासकर युवाओं के बीच उनकी लोकप्रियता काफी अधिक है।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर 8 मई को राज्यस्तरीय कार्यक्रम

**धमतरी।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर 8 मई को राज्यस्तरीय विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस भवन में चेयरमैन तोमन साहू की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर विस्तृत कार्ययोजना जारी की।

कार्यक्रम के तहत समूह नृत्य, प्रहसन एवं चित्रकला प्रतियोगिता होगी, जिसमें प्रदेश भर के रेडक्रॉस वॉलिंटियर्स भाग लेंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। बैठक में रेडक्रॉस गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए वर्षभर की रूपरेखा भी तय की गई।

कार्ययोजना में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जनजागरूकता, प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) प्रशिक्षण, रक्तदान शिविरों का व्यापक आयोजन तथा विशेष दिवसों पर जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। जूनियर एवं यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से विद्यार्थियों को मानवीय सेवा और सामाजिक दायित्वों से जोड़ने पर जोर दिया गया है।

इसके अतिरिक्त पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन, योग दिवस, साक्षरता दिवस सहित विभिन्न अवसरों पर गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। बैठक में रेडक्रॉस पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### खेल, संस्कृति, इनोवेशन, तकनीक स्टार्टअप का संगम रहा युवा फेस्ट

मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने शिरकत की और विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। श्री चंद्राकर ने स्टार्टअप, एजुकेशन एवं स्किल डेवलपमेंट से जुड़ी कार्यशालाओं के साथ-साथ विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए इतिहास, आर्ट, छत्तीसगढ़ी पहनावा एवं पारंपरिक श्रृंगार से संबंधित स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक धमतरी श्रीमती रंजना साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए, प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### ऊर्जा से भरपूर रहा दूसरा दूसरा दिन

केंद्र द्वारा उन्नत कृषि उपकरणों, दलहनी-तिलहनी फसलों और धान की उन्नत किस्मों की जानकारी प्रदर्शित की गई, जबकि उद्यानिकी महाविद्यालय धमतरी द्वारा ड्रिप इरिगेशन तकनीक और उच्च गुणवत्ता वाले पौधों के बारे में जानकारी दी गई। परिवहन विभाग के स्टॉल पर युवाओं के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। प्रथम फाउंडेशन द्वारा हॉस्पिटैलिटी, रेस्टोरेंट सर्विस सहित अन्य रोजगारपरक क्षेत्रों की जानकारी दी गई।

### खो-खो में धमतरी, गोलाफेंक में नगरी अव्वल

कंडेल की तिलेश्वरी तीसरे स्थान पर रही। 400 मीटर रिले रेस पुरूष में पीजी कालेज कुरूद प्रथम, नगरी द्वितीय, धमतरी तीसरे नम्बर पर रहे। 400 मीटर रिलेरेस महिला में शासकीय महाविद्यालय नगरी प्रथम, कृषि महाविद्यालय कुरूद द्वितीय और पालीटेक्निक कॉलेज धमतरी तृतीय रहे। गोला फेंक पुरूष में उदय गडेवाल कंडेल, मिथुन कृषि कॉलेज कुरूद, सुरेन्द्र पीजी कॉलेज धमतरी, गोला फेंक महिला में लीना कश्यप नगरी, रोशनी आमदी, जया श्रृति नगरी, रस्साखींच पुरूष में कंडेल, नगरी, रस्साखींच महिला में कुरूद, पालीटेक्निक धमतरी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे।

### रेत की चोरी बनी सप्लायरों की मजबूरी

प्रति सप्ताह के हिसाब से ठेका पर दे देती है। ठेकेदार ट्रैक्टरों से प्रति ट्रीप 200 रूपये लेकर गांव समिति को निर्धारित राशि देते हैं। अतिरिक्त राशि ठेकेदार कमाते हैं। खनिज विभाग को अवैध रेत के कारोबार की पूरी जानकारी है। कभी-कभी कार्रवाई करता है जिसमें ट्रैक्टरों को पकड़कर माइनिंग एक्ट के तहत जब्त किया जाता है और खदान के आने जाने के रास्ते को खोदकर ब्लॉक कर दिया जाता है। कार्रवाई के दूसरे दिन फिर यथास्थिति हो जाती है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकिज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

mahindra Rise

॥ भव्य शुभारंभ ॥

mahindra TRACTORS
TOUGH HARDUM

हमें अत्यंत हर्ष हो रहा है कि

# बरडिया एग्रो

अब आपके शहर धमतरी में लेकर आया है

## महिन्द्रा ट्रैक्टर की सम्पूर्ण रेंज

सेल्स • सर्विस • स्पेयर



## विशेष उद्घाटन ऑफर उपलब्ध

सीमित समय के लिए

आज ही पधारें और अपने खेतों को दें नई ताकत!

## आवश्यकता है

| - धमतरी - | | - भखारा - | |
|---|---|---|---|
| सेल्स मैनेजर - 2 पद | मैकेनिक - 5 पद | सेल्स मैनेजर - 1 पद | मैकेनिक - 2 पद |
| सेल्समेन - 10 पद | हार्वेस्टर मैकेनिक - 2 पद | सेल्समेन - 4 पद | हार्वेस्टर मैकेनिक - 1 पद |

रिज्युम/बायोडाटा वाट्सएप करें - 9907938368 साक्षात्कार के लिए संपर्क करें - 9893145916, 9907938368

साक्षात्कार के लिए अपना बायोडाटा लेकर दिनाँक 27 अप्रैल से 30 अप्रैल तक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नीचे दिए पते पर पहुचे.

अधिकृत विक्रेता -

# बरडिया एग्रो

रिलायंस पेट्रोल पंप के पास अर्जुनी, धमतरी

संपर्क करें : 9907938368, 9754731999, 9893145916